H&RA™
WESTERN INDIA
Estd : 1951

DAINIK BHASKAR

दैनिक भास्कर

30.09.2023

एफएचआरएआई के अध्यक्ष बने प्रदीप शेट्टी

भास्कर संवाददाता | मुंबई, फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) की 67वीं वार्षिक आम बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। इस बैठक में एफएचआरएआई के सदस्यों ने सर्वसम्मति से महाराजा होटल्स

मुंबई के निदेशक प्रदीप शेट्टी को अध्यक्ष पद पर चुना। वे 1 जनवरी 2024 से कार्यभार संभालेंगे। इससे पहले, प्रदीप शेट्टी ने उपाध्यक्ष का पद संभाला था और एक दशक से अधिक समय से एसोसिएशन के सक्रिय सदस्य रहे हैं। शेट्टी वर्तमान में होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया के भी अध्यक्ष हैं। कार्यकारी समिति ने एफएचआरएआई के नए पदाधिकारियों का भी चुनाव किया। सुरेंद्र कुमार जयसवाल, के.नागराजू और टी.एस वालिया को उपाध्यक्ष चुना गया। डीवीएस सोमराजू को कोषाध्यक्ष और नीरव गांधी को सचिव तथा सुदेश कुमार पोद्दार और अमरवीर सिंह संयुक्त सचिव के रूप में चुने गए। इस अवसर पर प्रदीप शेट्टी ने भविष्य की योजनाओं का जिक्र किया और कहा की हम इस उद्योग की उत्कृष्टता के लिए प्रयास करेंगे, नवाचार को बढ़ावा देंगे और भारत में आतिथ्य के लिए एक समृद्ध वातावरण तैयार करेंगे।